दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर

रायगढ़, सोमवार 29 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### राम मंदिर मुद्दे पर बोले गिरिराज सिंह - अयोध्या में बनेगा राम मंदिर

नई दिल्ली। राम मंदिर मुद्दे पर बोले गिरिराज सिंह - अयोध्या में बनेगा राम मंदिर, हिंदुओं के सब्र का बांध टूट रहा है।

### परेशान मां के हाथों पुत्र की हत्या

गरियाबंद (आरएनएस)। बीते शनिवार को बिते एक मां के द्वारा अपने ही बेटे को लगातार शराब पीने के चलते गुस्साई मां ने लाठियों से पीट-पीटकर अपने पुत्र को घायल कर दी जिसके बाद उसे अस्पताल लेजाया गया जहां उसे रायपुर रेफ्र किया गया परन्तु घायल युवक के द्वारा रायपुर ना जाकर घर पहुंच गया और संध्या 4 बजे उक्त युवक की मौत हो गई पुलिस मौके पर मौके पर पहुंच पंचनामा कर लाश पोस्ट मार्डम के बाद ग्राम बम्हनी भेज दिया गया है । शनिवार को सुबह गरियाबंद से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम बम्हनी में पुत्र दुलेश कुमार ध्रुव लगातार शराब पीकर था और शनिवार को घर में अपनी मां मगतीन बाई से विवाद करता रहा जिसके चलते मां लगातार गुस्सा होती रही और शराब पीने को लेकर मना करती रही किंतु उसका पुत्र दुलेश लगातार उससे विवाद करता रहा जिसके चलते थक हारकर उसकी मां ने कांसे का लोटा और लाठियों से अपने पुत्र को इतना पीटा कि वह घायल हो गया जिसे घायल अवस्था मे गरियाबंद अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी गंभीर स्थितियों को देखते हुए उसे रायपुर रेफ्र किया गया किंतु उक्त युवक रायपुर जाने के बदले अपना घर वापस पहुंच गया जहाँ संध्या चार बजे उसकी मौत हो गई पुलिस ने इस प्रकरण पर जहां पूर्व में मारपीट का अपराध दर्ज कर 307 कायम किया था परन्तु घायल युवक की मौत हो जाने से महिला आरोपी के खिलाफहत्या का मामला दर्ज करते हुए धारा 302 कायम करते हुए विवेचनास किया जा रहा है ।

### जिला पंचायत सदस्य पर नक्सलियों ने किया जानलेवा हमला, गंभीर

दंतेवाड़ा। जिले के पालनार में रविवार की रात नक्सलियों ने जिला पंचायत सदस्य पर हमला कर दिया। उसकी हालत गंभीर है। उनके सिर और गले में गम्भीर चोट है। जिंप सदस्य नंदलाल मुड़ामी को गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि नंदलाल अपने घर मे थे। इस बीच करीब आधा दर्जन से ज्यादा नक्सली वहां पहुंचे और नंदलाल पर हमला कर दिया। नक्सलियों ने नंदलाल के सिर, गले



व कमर में धारदार हथियार से हमला किया। इसके बाद नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। वारदात के बाद तत्काल घायल नंदलाल को जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते जगदलपुर रेफर किये जाने की तैयारी की जा रही है।

इधर, घटना की खबर लगते ही भाजपा नेता व कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है नंदलाल पार्टी कार्य के बाद शाम को घर लौटे थे। रात करीब 8.30 बजे भोजन कर रहे थे, तभी 5-6 नक्सली घर के अंदर घुसे और बाहर निकाल कर धारदार हथियार से हमला किया। एक अन्य घटना में भाजपा प्रत्याशी भीमा मंडावी के समर्थक व भाजपा नेता रामू नेताम के वाहन पर अज्ञात लोगों ने गोली चलाई है।

हालांकि वाहन में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि रामु नेताम पार्टी कार्य से गीदम ब्लाक के सुरोखी गए थे। हमला उसी इलाके में हुआ। एसपी नक्सल ऑपरेशन गोरखनाथ बघेल तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने इस घटना पर मीडिया से बातचीत की।

## कांग्रेस ने जारी की चौथी सूची, 17 उम्मीदवारों की घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दुसरे चरण के लिए अपने प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की है जिनमें 17 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है।

कांग्रेस ने शनिवार को अपने 37 प्रत्याशियों की सूची जारी करने बाद रविवार रात अपनी चौथी जारी की। सूची के अनुसार भरतपुर सोनहत विधानसभा से गुलाब सिंह कर्मो, बैकुण्ठपुर से श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, सामरी से चिंतामणी महाराज, लुण्ड्रा से डॉ. प्रितमराम, कटघोरा से पुरषोत्म




कंवर, पाली तनखार से मोहित केरकेट्टा, तखतपुर से डॉ. रश्मी सिंह, बेलतरा से राजेन्द्र कुमार साहू, जांजगीर-चांपा से मोतीलाल देवांगन, पामगढ़ से गोरेलाल बर्मन, सरायपाली से किस्मत लाल नंद, खल्लारी से द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद से विनोद चंद्राकर, बिलाईगढ़ से चंद्रदेव प्रसाद राय, बलौदाबाजार से जनक राम वर्मा, सिहावा से लक्ष्मी ध्रुव, डोण्डी लोहारा से अनिला रविन्द्र भेड़िया को प्रत्याशी बनाया गया है।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी राज्योत्सव 2018 का शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव 2018 का तीन दिवसीय आयोजन एक नवम्बर से यहां ग्राम तूता (अटल नगर) स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में किया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि की आसंदी से एक नवम्बर को शाम सात बजे राज्योत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगी।

## फटाके का अवैध भण्डारण करने वाले पर क्राईम ब्रांच ने की कार्रवाई

**बिना फटाका लायसेंस के बेचने हेतु किया था फटाका का भण्डारण**

**विस्फोटक अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई**

भिलाई (आरएनएस)। दीपावली त्यौहार के नजदीक आते ही फटाखे का व्यापार व्यवसाय तेजी से विस्तृत हो रहा है जिसका लाभ उठाते हुये अवैध रुप से फटाखे का भण्डारण कर बेचने वालें भी सक्रिय हो गये है जो बिना लायसेंस अवैध रुप से फटाखें का क्रय-विक्रय का कार्य करके शासन को क्षती पहुंचा रहे है। मोह. युनुस पिता इब्राहिम सकुर्लर मार्केट केम्प-2 छावनी के पास अवैध फटाखें के



भण्डारण की सूचना क्राईम ब्रांच एवं छावनी पुलिस की सयुक्त रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी पर धारा 9 (ख) (1) (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत थाना छावनी से अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## एक मंदिर में सपेरे के हाथ से सांप छीनकर भागा बंदर

आगरा। बंदरों के लोगों ने खाने-पीने की चीजें छीनने के किस्से तो कई बार आपने सुने होंगे लेकिन वृंदावन के एक मंदिर में हुई घटना आपने शायद ही सुनी हो। दरअसल, यहां एक सपेरे से एक बंदर सांप ही छीनकर भाग गया। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के बाहर यह घटना देखकर सभी की आंखें खुली की खुली रह गईं। अब इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। करीब 2 मिनट के इस विडियो में देखा जा सकता



है कि बंदर सपेरे के पास आता है और उसके हाथ से काले रंग का सांप छीन लेता है। सपेरा बंदर के पीछे भागा लेकिन सांप उसे नहीं मिला। बता दें कि यहां बंदरों का आंतक नई समस्या नहीं है। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान चर्चित हो गया था, जब उन्होंने कहा था कि हनुमान चालीसा और दूसरे धार्मिक ग्रंथों को पढ़कर बंदर भगाए जा सकते हैं।

### नगर के विद्युत मण्डल कार्यालय के पास मिला लावारिस बैग, मचा हड़कंप

बीजापुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय में स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय के पास दो लावारिस बेग के मिलने से हड़कम्प मच गया है। लावारिस बेग की पुलिस की बीडीएस की टीम जांच में जुटी हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रवास के एक दिन पहले नगर के बीचोबीच स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय के पास दो लावारिस बैग के मिलने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन में इसकी सूचना कोतवाली को दी गई।

## भाजपा ने चुनाव के लिए थीम सांग लांच किया

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज थीम सांग लांच की है। थीम सांग में रमन पर विश्वास, कमल संग विश्वास सहित अन्य सांग है।



मंत्री राजेश मूणत ने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में थीम सांग को लांच करते हुए मीडिया से कहा कि विकास के मुद्दे पर भाजपा हर बार चुनाव लड़ती है और इस बार भी विकास के आधार पर भाजपा जनता के बीच जायेगी और चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कई सारी योजनाएं बनायी है, जो पूरे देश के लिए मॉडल बन गया है। विकास और विश्वास को लेकर भी मुख्यमंत्री निकले हैं जनता का आशीर्वाद लेने के लिए। मंत्री मूणत ने विकास को भ्रष्टाचार का खेल कहे जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 15 साल तक कुछ कर नहीं पाये, चुनाव के समय उन्हें ये सब बातें याद आती है।

### एक्सप्रेस वे पर टक्कर के बाद गैस टैंकर में आग लगी, पांच वाहन जले, तीन लोग भी झुलसे



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में रविवार तड़के यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक एलपीजी गैस टैंकर में एक ट्राले ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसमें आग लग लगी। इसकी चपेट में आकर पांच वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा रविवार को तड़के दो बजे सुरीर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मौजी के निकट माइल स्टोन संख्या 85 के निकट हुआ। यहां दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर से इलाहाबाद जा रहे एक गैस टैंकर में पीछे से आ रहे एक ट्रॉले ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर से गैस का रिसाव हुआ और तुरंत आग लग गई। इसके बाद पहले ट्राले में आग लगी इसके बाद एक और ट्रैक टैंकर इसकी चपेट में आ गया। एक-एक कर वहां से गुजर रहे पांच वाहन उस आग की चपेट में आ गए। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य कुमार शुक्ला ने बताया, 'हालत यह हो गई थी कि पुलिस को आग पर काबू पा लेने तक सड़े तीन घण्टे तक घटनास्थल के पास यातायात पूरी तरह से रोकना पड़ा। आग इतनी विकराल थी कि लोग अपनी गाड़ियों से उतर कर जान बचाने के लिए भागने लगे।'

### सराफा दुकानों में पुलिस की दबिश, कारीगरों की मांगी हिस्ट्री

रायपुर। सराफा बाजार में रविवार को अचानक पुलिस घुसी और एक दर्जन संदिग्धों को पकड़ा। कोई अनावश्यक बाजार में तो कोई दुकानों के बाहर खड़ी गाड़ियों के पास मिला। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सराफा दुकानों में काम करने वाले कारीगरों और सेल्समैन की हिस्ट्री मांगी है। इसके लिए दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। त्योहार के समय चोरी और नकबजनी की वारदातों की पुरानी हिस्ट्री को देखते हुए एक-एक दुकान में काम करने वालों का ब्योरा मांगा गया है।

### अवैध रूप से संग्रहित तथा परिवहन किया जा रहा 132 क्विंटल धान जब्त

**धान खरीदी के पूर्व खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई**



अवैध रूप से संग्रहित अथवा परिवहन किया जा रहा 132 क्विंटल धान जब्त किया गया। सहायक

रायपुर। आगामी एक नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. के निर्देशन पर आज कृषि उपज मंडी एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा धान के थोक एवं फुटकर व्यापारियों की दुकानों एवं गोदामों तथा धान के परिवहन की आकस्मिक जांच की गई और चार स्थानों पर खाद्य अधिकारी रायपुर संजीव ठाकुर तथा मंडी सचिव सी.एल. ध्रुव तथा उनकी टीम ने अभनपुर विकासखंड के ग्राम परसुलीडीह में एक टाटा पिकअप वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 80 बोरी वजन 32 क्विंटल सरना धान बोरेंदा निवासी भगत साहू से जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### बैडमिंटन प्लेयर ईशान नकवी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी श्रद्धा कपूर



आखिरकार श्रद्धा कपूर को अपना हमसफर मिल ही गया। लेकिन ज़रा ठहरिए। यहां हम उनकी रियल लाइफ की नहीं बल्कि रील लाइफ की बात कर रहे हैं। श्रद्धा कपूर इन दिनों बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल की बायोपिक में काम कर रही हैं और इस फिल्म अब वह रियल लाइफ बैडमिंटन प्लेयर और म्यूज़िशन ईशान नकवी के साथ रोमांस करती नज़र आएंगी।

दिलचस्प बात तो यह है कि ईशान पिछले कई महीनों से श्रद्धा को इस फिल्म के लिए बैडमिंटन की कोचिंग भी दे रहे हैं। फिल्म के प्रड्यूसर भूषण कुमार ने भी इसे कन्फर्म किया और कहा कि बायोपिक में श्रद्धा के ऑपोज़िट ईशान नज़र आएंगे।

श्रद्धा ने बताया कि वह रोज़ाना सुबह 6 बजे से बैडमिंटन की क्लास में शामिल होती हैं और उन्हें अपने कोच ईशान नकवी से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। इससे भी खास बात यह है कि हाल ही में साइना नेहवाल ने अनाउंसमेंट की थी कि वह आने वाली 16 दिसंबर को शटलर पी. कश्यप के साथ शादी करेंगी। साइना और पी. कश्यप ने साल 2007 से एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। दोनों उस वक्त करीब आए जब उन्होंने साथ में बैडमिंटन टूर पर जाना शुरू किया।

साइना की इसी लव स्टोरी को अब उनकी बायोपिक में दिखाया जाएगा। एक सोर्स के मुताबिक, अमोल गुप्ते एक ऐसे चेहरे की तलाश में थे जो फिल्म में श्रद्धा के ऑपोज़िट तो अच्छा लगे ही, लेकिन बैडमिंटन प्लेयर के रोल में भी फिट बैठे। अमोल ईशान नकवी से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने श्रद्धा के ऑपोज़िट उन्हें ही साइन कर लिया।

## रिसर्च में दावा, इस कारण लंबे लोगों में होती है कैंसर होने की ज्यादा आशंका

लंबे होने के कई फायदे होते हैं। व्यक्ति की हाइट अच्छी होने पर वह उनकी पर्सनालिटी में चार चांद लगा देती है। मगर जिस तरह के लंबी हाइट के फायदे होते हैं ठीक उसी तरह इसके नुकसान भी होते हैं। लंबी हाइट कई बार आपके लिए हानिकारक साबित हो सकती है। एक स्टडी के मुताबिक लंबे लोगों को कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है। पुरुषों और महिलाओं दोनों में समान्य से 10 सेंटीमीटर अधिक हाइट होने पर 10 प्रतिशत तक कैंसर से ग्रसित होने की संभावना बढ़ जाती है। लंबे लोगों के शरीर में ज्यादा कोशिकाएं होती हैं जिसकी वजह से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। शरीर का कोशिकाओं की ग्रोथ पर जब कंट्रोल रुक जाता है तब कैंसर विकसित होने लगता है। जिसकी वजह से असमान्य



कोशिकाएं बनने लगती हैं और ट्यूमर बन सकता है। स्टडी के मुताबिक लंबे लोगों में कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है क्योंकि उनके शरीर में अधिक कोशिकाएं होते हैं जिसकी वजह से वह कैंसर से जल्दी ग्रसित हो सकते हैं।

स्टडी के मुताबिक महिलाओं की औसत लंबाई 162 सेमी (5 फीट, 4 इंच) और पुरुषों की औसत लंबाई 175 सेमी (5 फीट, 9 इंच) मानी गई है। लंबे लोगों को मेलेनोमा का खतरा ज्यादा होता है क्योंकि उनके शरीर में कोशिकाएं अधिक होती हैं। जिसकी वजह से लंबे लोगों को औसत लोगों की तुलना में त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। मगर पेट, मुंह और सर्विकल कैंसर महिलाओं को लंबाई से प्रभावित होकर नहीं होती है। रिसर्च के मुताबिक लंबी महिलाओं को कैंसर होने का खतरा 12 प्रतिशत और लंबे पुरुषों को कैंसर होने का खतरा 9 प्रतिशत तक होता है। कोलन, किडनी और लिम्फोमा कैंसर सबसे ज्यादा लंबाई के मामलों में देखा गया है।

लंबाई के साथ आपका लाइफस्टाइल भी कैंसर से ग्रसित होने के खतरे को बढ़ा सकता है। कैंसर से बचने के लिए व्यक्ति को एक्सरसाइज करना चाहिए साथ ही धूम्रपान नहीं करना चाहिए। अगर आपको कैंसर के कोई भी लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

## बड़े चाव से खाते हैं पापड़, तो जान लीजिए पापड़ खाने के नुकसान

भारतीय थाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है पापड़। इसे लोग बड़े ही चाव से खाते हैं। भारत के अलग-अलग राज्यों में तरह-तरह के पापड़ थाली में परोसे जाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि ज्यादा पापड़ खाना आपकी सेहत के लिए सही नहीं होता है। स्वादिष्ट लगने वाले इन पापड़ों के कई नुकसान भी होते हैं। आइए जानते हैं अधिक पापड़ खाने से सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में-

**पापड़ में होता है जरूरत से ज्यादा नमक**

पापड़ बनाते समय इनमें अधिक मात्रा में नमक डाला जाता है जिससे कि ये लंबे समय तक खराब न हों। पापड़ में नमक संरक्षक का काम करता है और नमक में मुख्य रूप से सोडियम होता है और इसका ज्यादा सेवन मधुमेह व उच्च रक्तचाप के रोगियों



के लिए अच्छा नहीं होता है।

**मसालेदार पापड़ से एसिडिटी होती है-**

वैसे कम मात्रा में मसालों का सेवन करने से कोई हानि नहीं होती है, लेकिन आमतौर पर लोग एकसाथ कई पापड़ खाते हैं जिससे उन्हें अम्लता और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**अधिक पापड़ खाने से कब्ज होती है-**

अधिक पापड़ खाने से पापड़ का आटा आंतों की परत को सख्त कर देता है जिससे कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**पापड़ बनाने के लिए खराब तेल का उपयोग-**

बाजार से लाए गए खाने के सामान में अकसर एक ही तेल को बार-बार तलने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

ऐसे में यह तेल, ट्रांस वसा में तब्दील हो जाता है। आमतौर पर बाजारों में ऐसे ही तेल का प्रयोग पापड़ बनाने के लिए भी किया जाता है। इसमें बने पापड़ खाने से आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है, जो कई अन्य बीमारियों को न्योता देती है।